**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

millenniumpost
NEW DELHI | THURSDAY, 6 JULY, 2023

# Baansera: Work underway to build Delhi's first bamboo theme park

**NEW DELHI:** Work is underway to build Delhi's first bamboo theme park — Baansera — which aims to enhance the ecological character of Yamuna floodplains and make it attractive as a recreational and cultural venue.

The project is being executed by the Delhi Development Authority (DDA).

Delhi Lt Governor V K Saxena last August laid the foundation stone of the "city's first bamboo theme park" aiming to enhance the ecological character of Yamuna floodplains.

The project also envisions making it attractive as a recreational and cultural venue, officials said on Wednesday, adding that the work is underway to create this new eco-friendly space.

More than 25,000 special varieties of bamboo saplings, brought from Assam, will be planted here.

It will achieve the purpose of augmenting the much-needed public spaces in the capital on one hand, and also ensure that the rich biodiversity of the floodplain is preserved and maintained, the DDA earlier said.

The city's first-of-its-kind initiative has been named 'Baansera' as derived from the Hindi word 'Basera' meaning abode. AGENCIES

THE HINDU
City
-------DATED---------------------

# Ceiling collapses in flat at Signature View Apartments

The ceiling of a flat in DDA's Signature View Apartments collapsed on Wednesday even as a 92-year-old resident, Kishori Lal Sethi, was inside the apartment. The resident escaped unharmed. "I had left the house to get medicines for my father. In a matter of seconds, the ceiling came crashing down," said Sanjeev Sethi, the owner of apartment D303. The DDA said the residents had installed a false ceiling in the house and that they should hold the private contractor responsible.

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE


NAME OF NEWSPAPERS---------- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 6 जुलाई 2023 ----------DATED----------

# DDA के सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट के फ्लैट में पंखे-वायरिंग समेत गिरी फॉल्स सीलिंग

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

मुखर्जी नगर में डीडीए के सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट में बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। अपार्टमेंट के डी-ब्लॉक के एक फ्लैट की फॉल्स सीलिंग पंखे और वायरिंग समेत नीचे आ गिरी। जिस समय यह हादसा हुआ, घर में 92 साल के बुजुर्ग अकेले थे। गनीमत यह रही कि हादसा दूसरे कमरे में हुआ। हादसा डी-303 फ्लैट में हुआ है, जो संजीव सेठी का है। यहां वह अपने पिता के साथ रहते हैं। हादसे के समय संजीव पिता की दवा लेने गए थे। जब वापस लौटे तो घर की हालत देखकर भौंचक रह गए। लोगों की मदद से पिता को बाहर निकाला। आरडब्ल्यूए के जनरल सेक्रेटरी गौरव पांडे ने बताया कि संजीव इस फ्लैट को छोड़कर कहीं और जाना चाहते हैं, लेकिन उनके फ्लैट की ईएमआई चल रही है।

इस मामले में डीडीए ने कहा कि डीडीए लोगों को अपना ऑफर दे चुका है और आरडब्ल्यूए की जनरल बॉडी का लेटर भी डीडीए को मिल चुका है। इसमें कई सुझाव दिए गए हैं। अभी तक फ्लैट ऑनर की तरफ से डीडीए को कोई रिस्पांस नहीं मिला है। एलजी वी के सक्सेना इस पूरे मामले की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं।



अपार्टमेंट के डी-ब्लॉक के एक फ्लैट में गिरी सीलिंग

# वसुंधरा एनक्लेव : प्लॉट बना कूड़ाघर

■ एनबीटी न्यूज, वसुंधरा एनक्लेव : वसुंधरा एनक्लेव स्थित पुनित अपार्टमेंट के पास डीडीए की जमीन पर लोगों ने कूड़ा घर बना रखा है। कई बार शिकायत करने के बाद इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

न्यू अशोक नगर सुरक्षा कवच की सदस्य और सोशल वर्कर अनीता बहल ने बताया कि लोगों ने डीडीए की जमीन को कूड़ा घर बना रखा है। न्यू अशोक नगर और आसपास के रहने वाले लोग यहीं पर कूड़ा फेंक देते हैं। कूड़ा नहीं हटने के कारण पूरे इलाके में बदबू फैलती है। वहीं सुनील थापीयाल ने बताया कि कूड़े की सफाई नहीं होने के कारण लोगों को तो परेशानी हो ही रही है। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है।

# 'रोहिणी सेक्टर-36 से KMP तक बने सड़क'

■ राजेश पोद्दार, आउटर दिल्ली

- बवाना विधानसभा के एक दर्जन से ज्यादा गांवों में बढ़ रहा है कमर्शल ट्रैफिक
- गांवों के लोगों ने नई सड़क बनाने की मांग की है

बवाना विधानसभा एरिया के एक दर्जन से ज्यादा गांवों में पिछले कई साल से बढ़ रहे कमर्शल ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए रोहिणी हेलीपोर्ट सेक्टर-36 से केएमपी एक्सप्रेस-वे तक एक नई सड़क की मांग ग्रामीण कर रहे हैं। इसको लेकर लोगों ने डीडीए, एनएचएआई, ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित अन्य एजेंसियों को पत्र लिखकर यहां नई सड़क की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि नांगल ठाकरान, बाजीतपुर, कटेवरा, जट खोर, माजरा डबास, चांदपुर, जौंती, पंजाब खोर, कुतुबगढ़, मुंगेशपुर सहित अन्य गांवों से ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए नई सड़क बनाने की मांग की गई है। कटेवरा गांव की आरडब्ल्यूए के सदस्य विशाल वत्स ने बताया कि आने वाले दिनों में यहां से एक वैकल्पिक रास्ते का होना बेहद जरूरी है।

**हिन्दुस्तान**

# डीडीए फ्लैटों के लिए पांच हजार आवेदन

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पहले आओ, पहले पाओ के चौथे चरण की आवासीय योजना में अब तक 5,500 लोगों ने पंजीकरण करा लिया है। फ्लैट की बुकिंग 10 जुलाई दोपहर 12 बजे के बाद होगी। इस योजना के तहत कुल 5,623 फ्लैटों के लिए पंजीकरण शुरू किया गया है। डीडीए के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार फ्लैटों को लेकर लोगों में उत्सुकता है। 30 जून शाम 5 बजे से पंजीकरण शुरू हुआ था।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

Hindustan Times
NEW DELHI
THURSDAY
JULY 06, 2023

# Potholes, bad roads bring back monsoon woes on key stretches

Aheli Das and Snehil Sinha
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Broken footpaths along the main road of Mehrauli that cannot be crossed on foot if it rains; crater-sized gaps on the Noida link road; uneven and broken patches all over Rani Jhansi road near Karol Bagh; and construction waste on streets in Greater Kailash the makes the journey a bumpy ride — this is the state of several stretches across the city as monsoon rains have begun the Capital, making potholes even harder than usual to navigate.

Residents from different parts of Delhi complained this week that many of these roads have remained in disrepair for several weeks, and commuters said that water-logging near potholes adds to their travel time and raises safety concerns.

"The stretch from Savitri cinema to Alaknanda market can be renamed 'pothole stretch'. The problem has increased in the last six months due to construction activities, and several localities that fall along this road are affected because of rain," said Chetan Sharma, founder general secretary of Confederation of RWAs and chairman of GK II complex RWAs. He added that several letters have been written to PWD by the RWAs in the past few months, but there has been little action.

On Friday, a 51-year-old autorickshaw driver drowned in a pit filled with rainwater near an under-construction flyover in north-east Delhi's Harsh Vihar after his three-wheeler got stuck in it. The pit was created due to flyover construction work.

Sanjeev Kapoor of Karol Bagh Traders' Association said, "The roads around Karol Bagh are in a bad condition because of potholes. During monsoon, the situation has definitely worsened leading to traffic congestion. Officials also do not make any efforts to repair the damage."

For Pradeep Talwar, a resident of north Delhi's Mukherjee Nagar, the situation is no different. "The condition was bad but now it is worse. Mukherjee Nagar is congested as it is; now it takes 20 minutes for me to reach the main road."

In Vasant Kunj, Nelson Mandela Marg is being revamped as part of a streetscaping project to bring the stretch up to the European standards. But some other parts of this residential area has poor internal roads.

"Roads along Vasant Kunj are in bad shape and need urgent infrastructure upgrade -- rather than beautification projects -- because of which there are jams across parts of Nelson Mandela Road, Aruna Asaf Ali Marg and Mehrauli-Mahipalpur road," said A K Mehta, president of Vasant Kunj RWA.

"There are narrow lanes in Laxmi Nagar and the area is almost always choked after it rains as there is no drainage. The construction work for the Delhi-Saharanpur highway has worsened the comdition," said Anand Jha from Laxmi Nagar.

A recent report by Air Pollution Action Group (A-PAG), a non-profit that prepared the report along with the Municipal Council of Delhi (MCD), mentioned that a programme to identify pollution sources across the Capital unearthed more than 94,000 distinct or point-sources of dust pollution between November 2021 and June 2023, with the most common being over 30,000 potholes found in the city. Most of these were in the form of complaints on the 311 app of MCD.

After follow-ups with various departments including PWD, MCD and DDA, it was found that over 25,000 of these have been repaired now, mostly during the pre-monsoon preparations during June.

PWD officials said that work is going on along many areas where potholes, footpaths, kerbs, central verge and drainage covers are being repaired.

"The complaints team works on resolving any such issues immediately. There are hardly any large potholes along our road stretches. However, some trenches along construction sites are being demarcated now so that people and vehicles stay away from it. These can only be filled after construction in those areas is complete," said a PWD official, asking not to be named.


MCD spokespeople did not respond. However, an MCD official aware of the matter said that the civic body carries out repair on the basis of complaints received on multiple helplines and the field inspection reports prepared by the junior engineers.

Experts said that the problem often gets exacerbated as the technology for repairs has not evolved with the times, and workers usually fill up the potholes with any material lying close to the location, or by covering them with a coal tar layer or concrete mix.

"Improper de-silting is directly linked to this problem that leads to water accumulation and increased contact time of water with bitumen. Water is the main enemy of bituminous roads. Second, most of our roads are poorly maintained that lead to changes in the slope and profile leading to water accumulation. Also, overhead Metro and flyover drains often fall directly on the roads," S Velmurugan, chief scientist and head, traffic engineering and safety division, Central Road Research Institute (CRRI).


VASANT KUNJ


RANI JHANSI MARG



GREATER KAILASH 2


BARA HINDU RAO


NOIDA LINK ROAD


MEHRAULI

SANJEEV VERMA AND SANCHIT KHANNA/HT PHOTOS

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS दैनिक जागरण नई दिल्ली, 6 जुलाई, 2023 -DATED

# मास्टर प्लान की अधिसूचना तुरंत जारी करने की मांग तेज

**चैंबर आफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री समेत कई कारोबारी संगठनों की मांग, शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी को लिखा पत्र**

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: व्यापारियों को दिल्ली के मास्टर प्लान 2041 का बेसब्री से इंतजार है। केंद्र सरकार के मंत्री समूह की मंजूरी मिलने के बाद नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। व्यापारी नेताओं के अनुसार दो साल से व्यापारी मास्टर प्लान 2041 के लागू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उपराज्यपाल वीकें सक्सेना ने मार्च की शुरुआत में ही ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी। अप्रैल के मध्य में अधिसूचना के लिए ड्राफ्ट को केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय को भेज दिया था लेकिन अभी तक इसको लेकर अधिसूचना जारी नहीं की गई है, इसे लेकर होटल, रेस्तरां, उद्योग, बैंक्वेट, गोदाम से जुड़े लोगों के मन में कई सवाल हैं। दिल्ली में जो दुकानें सील पड़ी हैं, उनकी डीसीलिंग प्रक्रिया में कितनी ढील दी जाएगी? वेयरहाउस को कितना कवर किया है? किस तरह एफएआर बढ़ेगा? पार्किंग और बाजारों के पुनर्विकास को लेकर क्या प्रविधान होगा? बहुत से बाजार स्थानांतरित होने हैं, उसके लिए क्या दिशा-निर्देश होंगे? नाइट लाइफ को बढ़ावा देने के लिए नाइट शापिंग में क्या सहूलियत मिलेगी? पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मास्टर प्लान का क्या योगदान रहेगा?

चैंबर आफ ट्रेड. एंड इंडस्ट्री (सीटीआइ) ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखा है। सीटीआइ के चेयरमैन बृजेश गोयल और अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल ने कहा कि अधिसूचना जारी होने पर व्यापारी और उद्यमी की शंकाओं का समाधान होगा, अभी भी दिल्ली में सीलिंग की तलवार लटक रही है और व्यापारियों को लगता है कि मास्टर प्लान 2041 लागू होने के बाद हो सकता है सीलिंग से राहत मिल जाए।

**20 के बजाए 10 साल का हो मास्टर प्लान :** कश्मीरी गेट आटो पार्ट्स मार्केट के पूर्व प्रधान विष्णु भार्गव ने कहा कि अभी तो इंतजार कर रहे हैं कि मास्टर प्लान 2041 का नोटिफिकेशन कब आएगा? फिर भी हमारी मांग है कि यह 20 साल के बजाए 10 साल का होना चाहिए। बहुत तेजी से शहरीकरण हो रहा है। आगे 20 साल में क्या होगा? इसका अंदाजा अभी से लगा पाना मुश्किल होता है।

**दिल्ली वितरण हब, इसका रहे ध्यान:** सदर बाजार के कारोबारी संगठन के महासचिव राजेंद्र शर्मा ने कहा कि दिल्ली वितरण हब है। यहां निर्माण कम होता है। थोक और खुदरा बाजारों को विकसित किया जाना चाहिए। इससे सरकार को राजस्व भी मिलेगा। कारोबार भी आराम से होता रहेगा। किसी जमाने में कनाट प्लेस बनाया गया था। उसी तर्ज पर विकास हो।

**2021 अनुमोदित हुआ था मास्टर प्लान-2041 :** मास्टर प्लान फार दिल्ली (एमपीडी)- 2041 के ड्राफ्ट को पहली बार 13 अप्रैल 2021 को डीडीए बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया था। फिर उसी साल जून में वेबसाइट पर जनता के सुझावों और आपत्तियों को आमंत्रित किया गया। अक्टूबर 2021 में डीडीए ने बताया कि उसे निर्धारित समय अवधि में लगभग 33 हजार आपत्तियां और सुझाव प्राप्त हुए। उपराज्यपाल की अध्यक्षता वाली डीडीए की सलाहकार परिषद ने पिछले अप्रैल में आपत्तियों और सुझावों को शामिल करते हुए मसौदे की समीक्षा की थी।